# प्रस्तावित बोर्ड बैठक हुई स्थगित नहीं पहुंचे अधिशासी अधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** सोमवार को नगर पंचायत द्वारा होने वाली बोर्ड बैठक को अधिशासी अधिकारी के ना पहुंचने के कारण स्थगित कर दिया गया। आपको बता दें कि काफी समय से नगर पंचायत के कुछ सभासदों व चेयरपर्सन के बीच विवाद चला आ रहा है साथ ही कुछ दिनों से चेयर पर्सन हज्जन आफताब व अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार के बीच भी विवाद देखने को मिला जिस कारण चेयर पर्सन व अधिशासी अधिकारी एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहते हैं। इसी कड़ी में बीते दिनों कई बार बोर्ड बैठक को स्थगित करना पड़ा था। वहीं सोमवार को चेयर पर्सन के कैंप कार्यालय पर होने वाली बोर्ड बैठक के लिए विधायक अतुल प्रधान व सांसद हरेंद्र मलिक के साथ साथ बोर्ड के सदस्यों को भी एजेंडा भेजा गया था जिसमें सांसद और विधायक ने भी सहमति जताई थी। सोमवार को प्रस्तावित बोर्ड बैठक के लिए चेयरपर्सन हज्जन आफताब के अलावा सात सभासद कैंप कार्यालय पर पहुंच गए लेकिन अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार बोर्ड बैठक में शामिल नहीं हुए कुछ समय तक इंतजार करने के बाद चेयरपर्सन ने बैठक को स्थगित कर दिया। वहीं बैठक में शामिल होने के लिए आ रहे सांसद हरेंद्र मलिक स्थगित की सूचना मिलने पर दौराला से वापिस चले गए। इस दौरान बैठक में शामिल होने के लिए सभासद सबिया परवीन, रुखसाना परवीन, राजेश देवी, सभासद आसिफ अंसारी, आरिफ फैजी, अयाज, आजाद अंसारी व कर्मचारी हाजी यामीन, देवेंद्र कुमार कैंप कार्यालय पर पहुंचे। उधर चेयरपर्सन ने आरोप लगाया कि अधिशासी अधिकारी जानबूझकर बैठक से दूरी बना रहे है जिससे कस्बे के विकास में बाधा उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी अधिशाषी अधिकारी ने कई बार बोर्ड बैठक से दूरी बनाई थी। हज्जन आफताब ने बताया कि एक्ट के अनुसार उन्हें पूरा अधिकार है वह बोर्ड बैठक का आयोजन कस्बे में कही भी कर सकती है, इसलिए कैंप कार्यालय पर बोर्ड बैठक रखी गई थी।

वहीं अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि चेयरपर्सन ने अपने निजी आवास पर बोर्ड बैठक बुलाई थी इसलिए मैं बैठक में शामिल नहीं हुआ क्योंकि जिला. धिकारी मेरठ ने आदेश दिए है कि भविष्य में कभी भी बोर्ड बैठक अध्यक्ष के आवास पर होती है तो अधिशासी अधिकारी उसमें शामिल नहीं होंगे। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि अगर बोर्ड बैठक नगर पंचायत कार्यालय में होगी तो हम उसमें शामिल होंगे।

# पत्रकारों के हित में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट की मासिक बैठक सम्पन्न

## पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू कराने के लिए मुख्यमंत्री से करेंगे मुलाकात: अजय चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) की मासिक बैठक सर्किट हाउस में संपन्न हुई। इस बैठक में पत्रकारों के स्वास्थ्य बीमा, आयुष्मान कार्ड, आगामी कार्यक्रमों और संगठन की रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन शाकाल ने की, जबकि संचालन प्रदेश सचिव एवं जिलाध्यक्ष अजय चौधरी ने किया।

प्रदेश सचिव अजय चौधरी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड और स्थानीय टोल प्लाजा पर पत्रकारों को टोल माफी को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। इसके अलावा, पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जल्द मुलाकात की जाएगी, ताकि पत्रकारों के खिलाफ फर्जी मुकदमों पर रोक




लगाई जा सके और वे सुरक्षित महसूस करें। महानगर अध्यक्ष पवन शर्मा ने बैठक में कहा कि बंद पड़े प्रेस क्लब को पुन: खोलने की मांग की जाएगी, जिससे पत्रकारों को एकजुट होकर कार्य करने के लिए उचित स्थान मिल सके।दजिला उपाध्यक्ष नकुल चतुर्वेदी ने घोषणा की कि पत्रकारों के संघर्ष और कार्यशैली पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाई जाएगी, जिससे उनकी भूमिका को प्रमुखता से उजागर किया जा सके।

कोषाध्यक्ष विश्वास राणा ने सभी पत्रकारों को एकजुट रहने का आह्वान किया, वहीं संगठन महामंत्री राजू शर्मा ने पत्रकारों के लिए सदस्यता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन शाकाल ने सभी प्रस्तावों पर सहमति जताई और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति को अंतिम रूप दिया। इस दौरान बैठक में महानगर अध्यक्ष पवन शर्मा, कोषाध्यक्ष विश्वास राणा, जिला संरक्षक जगमोहन शाकाल, जिला उपाध्यक्ष जयवीर त्यागी, लियाकत मंसूरी, नकुल चतुर्वेदी, ताज मोहम्मद, संगठन महामंत्री राजू शर्मा, जिला प्रवक्ता अरुण सागर, जिला सूचना मंत्री गौरव सैनी, प्रचार मंत्री शहीद खान, जिला सचिव विकास गुप्ता, राजन सोनकर, उपसचिव दीपक वर्मा, राहुल राणा, जिला मीडिया प्रभारी अखिल गौतम, रवि गौतम, जर्रार सैफी, मदनपाल गौतम, हरीश बाबा, ताहिर अली, गौरव यादव, मोहम्मद आसिम, सूर्यांश और साहिल खान सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

# मोहन चैलेंजर ने पांच विकेट से जीता एलपीएल का फाइनल

## मुख्य अतिथि वाइज अब्बास ने ट्रॉफी व नगद धनराशि देकर किया सम्मानित, संदीप कुमार बने मैन ऑफ द मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर आईपीएल की तर्ज पर हुए टी20 टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मोहन चैलेंजर व ईरानी टाइगर्स के बीच खेला गया जिसमें मोहन चैलेंजर ने इस रोमांचक मैच को पांच विकेट से जीत लिया।

ईरानी टाइगर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 गेंद में दस विकेट गवाकर 155 रन बनाए उनकी ओर से तंजीम अख्तर 34 रन व सनी 32 रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज रन नहीं बना सका। जवाब में मोहन चैलेंजर ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.2 गेंद में पांच विकेट पर 156 रन बनाकर ये फाइनल मैच पांच विकेट से जीत लिया। मोहन की ओर से कप्तान विनीत कुमार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 48 रन, विशु प्रधान ने 46 रन बनाए। वहीं मैन ऑफ द मैच संदीप कुमार को दिया गया। वहीं टूर्नामेंट के दौरान सबसे ज्यादा 229 रन बनाने वाले बल्लेबाज जावेद रजा को बैट व पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 10 विकेट लेने वाले मोनिस रिजवी को बेस्ट बॉलर की ट्रॉफी सुमित गोयल ने देते हुए सम्मानित किया। मैच के बाद सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि वाइज अब्बास रिजवी के द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही मीडियाकर्मियों को भी उनके द्वारा ट्रॉफी देते हुए सम्मानित किया गया। फाइनल मैच के दौरान सरधना विधायक अतुल प्रधान भी कुछ देर के लिए वहां पहुंचे।

मैच देखने के लिए कस्बे सहित आस पास क्षेत्र के हजारों लोगों की भीड़ भी इकट्ठा हो गई। इस दौरान एलपीएल चेयरमैन साईम रिजवी, जिला पंचायत सदस्य उम्मीदवार वाइज अब्बास, सीमाब रिजवी, नेता शमशाद, व्यापार संघ अध्यक्ष गौरव गुप्ता, संजय गुप्ता, महामंत्री नायाब रिजवी, कॉमेंटर मास्टर आशु, शाही अब्बास,मोहन सैनी, अनिल फौजी, डॉक्टर खुशनसीब, शानू रिजवी, मोहम्मद रजा हाजी इमरान आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।





# भारती एयरटेल छात्रवृत्ति के बलबूते फतेहपुर के शिखर ने रचा नया कीर्तिमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शिखर, फतेहपुर, उत्तर प्रदेश का एक होनहार और दृढ़ निश्चयी लड़का है, जो हमेशा अपने समुदाय में एक सकारात्मक बदलाव लाना चाहता था। एक बहादुर अकेली माँ द्वारा पाले गए शिखर का बचपन चुनौतियों से भरा रहा जो हमेशा भारी कृषि ऋणों के बोझ से जूझते रहे लेकिन उसने कभी उम्मीद नहीं खोई। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा न केवल उनके बल्कि उनके पूरे समुदाय के जीवन को बदल सकती है, और उन्हें पीढ़ियों से चली आ रही गरीबी से मुक्त होने में मदद कर सकती है। शिखर का प्रौद्योगिकी के प्रति जुनून और ज्ञान की प्यास ने उन्हें एक उल्लेखनीय उपलब्धि दिलाई, जिससे उन्हें नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कर्नाटक, सुरथकल में अत्यधिक प्रतिस्पर्धी कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग कार्यक्रम में प्रवेश मिला। फिर भी, कई सपनों की तरह, आगे का रास्ता अनिश्चित लग रहा था। एक प्रतिष्ठित संस्थान में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए काफी पैसों की आवश्यकता थी जिससे कारण उनके सपनों पर निराशा के बादल छाने लगे थे। अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर, भारती एयरटेल छात्रवृत्ति शिखर के जीवन में एक आशा की किरण के रूप में आई, जो उसका जीवन बदल देने वाली थी। चुनौतीपूर्ण सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले योग्य छात्रों की सहायता के लिए तैयार की गई, छात्रवृत्ति ने शिखर को अपनी शैक्षणिक यात्रा को पूरा करने में मदद की।




शिखर के लिए, यह छात्रवृत्ति सिर्फ वित्तीय सहायता से कहीं बढ़कर एक जीवन रेखा थी जिसने उस भविष्य के दरवाजे खोले जिसका उसने हमेशा सपना देखा था।

भारती एयरटेल स्कॉलरशिप, शिखर जैसे प्रतिभाशाली छात्रों को विविध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से योग्य उम्मीदवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करके सशक्त बनाती है, जिससे वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें और भविष्य के प्रौद्योगिकी अग्रज बन सकें। इच्छुक छात्र अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए इस सुअवसर का लाभ उठा सकते हैं।

# डीएम ने विकास भवन सभागार में की आईजीआरएस की समीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह द्वारा आईजीआरएस की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतो को समयबद्ध रूप से संबंधित विभागध्अधिकारी को प्रेषित किया जाये ताकि कोई भी संदर्भ डिफाल्टर श्रेणी में न रहे। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर संदर्भो का संतोषजनक व गुणवत्तापरक निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। शिकायतो का निस्तारण शासन की प्राथमिकता में है, अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर शिकायतो का निस्तारण करें। लाप. रवाही बरतने वाले अधिकारी पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर एसडीएम सरधना नारायणी भाटिया, अपर जिला. धिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अ प र जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी, एसडीएम मवाना अंकित कुमार, जिला विकास अधिकारी अम्बरीश कुमार, मुख्य कोषाधिक. ारी वरूण खरे, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# व्यापारियों का उत्पीड़न कर रही भाजपा सरकार

## व्यापार सभा ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** समाजवादी व्यापार सभा ने सरकारी तंत्र द्वारा व्यापारियों के उत्पीडन के खिलाफ आवाज उठाई है। सभा के जिलाध्यक्ष सर्वेश सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम एक डिप्टी कलेक्टर को सौंपा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में व्यापारियों का लगातार उत्पीडन हो रहा है। राज्य कर, बांट माप, श्रम और खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी जांच के नाम पर व्यापारियों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार कर रहे हैं। ऑनलाइन मार्केटिंग से पहले से ही प्रभावित व्यापारियों पर द्वेषपूर्ण कार्रवाई की जा रही है। आरोप लगाते हुए कहा कि विरोध करने वाले व्यापारियों पर झूठे मुकदमे दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जा रहा है। समाजवादी व्यापार सभा ने फर्जी मुकदमों की निष्पक्ष जांच और उन्हें तत्काल हटाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर मांगें नहीं मानी गई तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान मुमताज खां, नवनीत गोला, शशिकांत गोयल, अब्दुल वहाब सैफी, शावेज खां, रजनीश यादव, विकिल चौधरी, आकाश सैनी, अंकुश, डॉ अनीश अहमद, रवि यादव, अशोक कुमार, कपिल कुमार, हीरालाल सैनी, महेश यादव, अरविंद सिंह, अंकुर गुप्ता, अमर सिंह, नवनीत कुमार, धीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, रजनीश यादव, अजीज खां, प्रकाश सैनी, मोहम्मद तालिब,आमिर खां आदि मौजूद रहे।

**NOTICE**

Ghose Intkhab khan s/o Intkhab khan shahjahanpur disst meerut pin 250104. i am changing my name from Intkhab khan Ghose to Ghose Intkhab khan for passport issuance and all purpose in future.

IIFL FINANCE

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लेटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **22.02.2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई-नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के प्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के प्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो जिला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट जिला केंद्र पर **05.03.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से जिला-स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख पर जिला-स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

जिला केंद्र: **मेरठ-सेंट्रल मार्केट जीएल - सी28-2, प्रथम तल, सेंट्रल मार्केट, शास्त्री मार्केट 250004**

**शाखा का नाम: मेरठ-सेंट्रल मार्केट जीएल, तालुका - मेरठ.**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL31020410, GL31042218, GL31219981, GL31737429, GL31790680, GL31797683, GL32999614, GL33015134, GL33034863, GL33054218, GL33191587, GL33580889, GL33665742, GL33812979, GL33933335, GL33944423, GL33950853, GL33973407, GL33996865.
**शाखा का नाम: मेरठ-गढ़ रोड जीएल, तालुका - मेरठ.**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL27815456, GL31792461, GL31798027, GL31914849, GL31935397, GL33406321, GL33430718.
**शाखा का नाम: मेरठ-एचआरएस चौक जीएल, तालुका - मेरठ.**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL31314951, GL32213855, GL32228338, GL33129552, GL33148040, GL33872708.
**शाखा का नाम: मेरठ-मवाना रोड जीएल, तालुका - मेरठ.**
**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL25424205, GL27323563, GL27703561, GL28634072, GL30846138, GL30850390, GL31168945, GL31174070, GL31268712, GL31272542, GL32333904, GL32339756, GL32760596, GL32772918, GL32795542, GL32802851, GL32820325, GL32830163, GL32843819, GL32845644, GL32859834, GL32976251, GL32984802, GL33421951, GL33429611, GL33452910, GL33764512.

ई-नीलामी ''जैसा है, जहा है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालांकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालांकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: **18.02.2025**
स्थान: मेरठ

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

# मीटर रीडरों पर गलत बिल देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बिजली विभाग के मीटर रीडरों द्वारा घरेलू बिलों में मनमर्जी अपनाये जाने का आरोप लगाते हुए व्यवस्था में सुधार किये जाने की मांग की है।

सोमवार को कई गाँवो के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मीटर रीडर मनमर्जी पर उतारू है। वह अनाप-शनाप बिल भेज रहे हैं। जिससे उपभोक्ता तनाव में है। उन्होंने कहा कि गोवंश पशु मुख्य रूप से सांड आये दिन किसी न किसी किसान की जान ले रहे हैं। अतिशीघ्र पकवाकर गौशालाओं में भिजवाया जाये। चीनी मिल को चालू हुए लगभग 4 माह बीत चुके हैं। परंतु अभी तक सरकार द्वारा गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया। जल्द से जल्द 450 रुपये कुंतल गन्ना मूल्य घोषित किया जाये।उन्होंने कहा की आपूर्ति विभाग द्वारा अनेकों राशन कार्ड से यूनिट कम कर दी गई है। जांच कर कर ठीक कराये जाने तथा नये नामों को जोड़ा जाये। इस अवसर पर ओमवीर सिंह चौहान, महावीर सिंह, लल्लू सिंह, उमेश चंद, दिलीप सिंह, महिपाल सिंह, अशोक कुमार, चौधरी कार्मेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# पालिका कर्मचारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



## कचरे के निस्तारण के प्रति किया जागरूक

**गजरौला।** आईटीसी लिमिटेड एवं नगर विकास विभाग उप्र के संयुक्त तत्वाधान में नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा राजेन्द्री उर्फ उमा देवी की अध्यक्षता एवं एसडीएम धनौरा चन्द्रकान्ता के आदेशों के अनुपालन में आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अंतर्गत नगर पालिका के सभागार में सामुदायिक नेतृत्व में विकेन्द्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु नगर निकाय स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स के क्षमता वर्धन हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) नदीम अख्तर , समस्त सफाई नायक व अन्य कर्मचारियों को आईटीसी मिशन सुनहरा कल के कुशल प्रशिक्षक तबरेज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नदीम अख्तर, शाहबाज अहमद के द्वारा दिया गया। इस कार्यशाला में डीपीएम ने कचरे का घरेलू स्तर पर कैसे निस्तारण किया जा सके, इसके बारे में समझाते हुए कचरे के प्रकारों, एवं कचरे के पृथकीकरण का महत्व एवं कचरे की नजदीकी इकाई पे प्रबंधन के बारे में बताया। इस मौके पर स्वच्छता प्रभारी आदेश कुमार, इरशाद खान, ललित कुमार, अक्षय शुक्ला, रविंद्र सिंह, सफाई नायक जयचंद, महेश, मुनेश, विभोर जिंदल, योगेश कुमार, दीपू कुमार, रितिक सिंघल, दिनेश कुमार, वंशिक शेखर आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस के गश्ती दल पर फायरिंग, मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

■ दरोगा घायल, तीन बदमाश फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पुलिस के गश्ती दल पर फायरिंग करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके तीन साथी भागने में कामयाब हो गए। पुलिस इनकी तलाश कर रही है। फायरिंग के दौरान खुद को बचाने की कोशिश में एक दरोगा घायल हुए हैं। गिरफ्तार बदमाशों के लिए



कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

थाना बारादरी के दरोगा राहुल सिंह पुंडीर, हेड कांस्टेबल साबिर और अवनीश जबकि दरोगा गौरव कुमार अत्री, हेड कांस्टेबल बृजेश के साथ रविवार रात गश्त पर निकले थे। पुलिस का यह गश्ती दल संदिग्धों की तलाश करता हुआ भरतौल रोड गोदाम के पास पहुंचा तो दो बाइक पर पांच संदिग्ध आते दिखे। पुलिस टीम ने बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया तो संदिग्धों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जान से मारने की नीयत से छह राउंड फायरिंग की गई। खुद को बचाने के लिए पुलिसकर्मी जमीन पर लेट गए। इस दौरान दाहिने हाथ में चोट लगने से दरोगा गौरव कुमार अत्री घायल हो गए। खुद को बचाते हुए पुलिस कर्मियों ने बदमाशों की घेराबंदी की तो उन्होंने फिर से फायरिंग कर दी। जबावी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रवि यादव और अभिषेक नाम के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके तीन साथी भागने में कामयाब हो गए। इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ संभल समेत अन्य जिलों में कई मामले दर्ज हैं।

## दिव्यांगों के लिए मुसीबत साबित हो रहा है प्रमाण पत्र बनवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** महाराणा प्रताप जिला अस्पताल में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाना दिव्यांगों के लिए मुसीबत साबित हो रहा है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा केवल सोमवार को ही प्रमाण पत्र बनाए जाने की व्यवस्था की गई है।

सरकारी अस्पताल के डॉक्टर सप्ताह में केवल एक दिन ही दिव्यांग प्रमाण पत्र के आवेदनों पर स्वीकृति देते हैं। इस सीमित समय के कारण अस्पताल में दिव्यांगों की भारी भीड़ जमा हो जाती है। कई आवेदक पिछले कई महीनों से प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिला अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। प्रमाण पत्र बनवाने पहुंचे दिव्यांगों ने प्रशासन से नियमित प्रमाण पत्रों को बनवाने की मांग की है। इस मौके पर यह भी कहा कि सप्ताह के अन्य दिनों में भी प्रमाण पत्र बनाए जाएं, तो उनकी परेशानियां काफी हद तक कम हो सकती हैं। इस व्यवस्था से न केवल भीड़ भाड़ कम होगी, साथ ही दिव्यांगों को बार-बार अस्पताल के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेंगे।

# डीएम ने राजकीय इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का लिया जायजा

■ सुरक्षा के दृष्टि से अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मंगलवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने राजकीय इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने विद्यालय में कक्षों का निरीक्षण किया व सुरक्षा के दृष्टि से अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त खिड़कियों आदि में यदि कोई टूट-फूट है तो समय रहते ठीक करवाकर जाली लगवाने के निर्देश दिए। विद्यालय में उपस्थित जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य समस्त को बोर्ड परीक्षा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, दृश्यता, गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाये रखने व परीक्षा को सकुशल, शुचितापूर्ण एवं नकल. विहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह, विद्यालय प्रधानाचार्य व अध्यापक सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### धनगर जाति का अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी करवाने को सांसद को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** धनगर जाति का प्रमाण पत्र अनुसूचित जनजाति का जारी किए जाने को लेकर मांग उठी। तहसील स्तर से धनगर जाति प्रमाण पत्र जारी करवाने के लिए सांसद छत्रपाल गंगवार को दिया ज्ञापन।



धनगर पाल बघेल सेवा समिति व अखिल भारतीय धनगर महासभा के पदाधिकारीगण ने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नंदलाल धनगर, बालेदीन पाल, वीरपाल धनगर, कृष्ण पालघन सिंह, चंद्र पाल बघेल, पप्पू पाल, ओमपाल सिंह, धर्मेंद्र पाल, सोमपाल धनगर आदि लोग उपस्थित रहे। इस प्रकरण में शिक्षक वालेदीन पाल का कहना है कि प्रदेश के कुछ जनपदों में धनगर जाति के लिए अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है इसको बरेली सहित पूरे प्रदेश में लागू किया जाना चाहिए।

### ट्रेन से घर के लिए बरेली निकली महिला हुई लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पांच दिन बाद भी नहीं लग सका सुराग

**बहेड़ी।** ट्रेन से अपने घर बरेली के लिए निकली एक महिला लापता हो गई। घर वालों और रिश्तेदारों ने उसे काफी तलाशा, लेकिन महिला का कहीं सुराग नहीं लग सका। महिला के न मिलने पर उसके भतीजे ने पुलिस को इसकी सूचना दी है।

मो. नई वस्ती लाईन पार कस्वा व थाना बहेड़ी निवासी मो0 शोएव पुत्र जलीस अहमद का कहना है कि उसकी बुआ शवाना उम्र करीब 40 वर्ष पत्नी असरफ निवासी धोवी तालाव लाल मस्जिद बरेली दिनांक 12.02.2025 को समय करीब 03:00 बजे दोपहर बहेड़ी रेलवे स्टेशन से ट्रेन से बरेली अपने घर के लिये निकली थी, लेकिन वह अपने घर नही पहुंची है। उसके परिवार व रिश्तेदारों ने शवाना को काफी ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन सोमवार देर शाम तक शवाना का कोई पता नहीं लग सका है।

### घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के तीन दोषियों को सात-सात साल की कैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

डेढ़ साल बाद आया फैसला

**बरेली।** घर में घुसकर महिला पर जानलेवा हमला करने और बचाने आई उसकी पुत्रवधू को पीटने के मामले में तीन दोषियों को अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय रवि कुमार दिवाकर ने सात-सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

घटना तीन अगस्त 2023 को सिरौली थाना क्षेत्र के गांव शिवपुरी में हुई थी। आशा देवी ने पुलिस को बताया था कि सुबह करीब 10 बजे गांव के ही अनमोल, सोनू, कुलदीप व गीता लाठी डंडे लेकर आ गए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने लगे। बचाने आई उसकी पुत्र वधू मछला को भी मारपीट कर घायल कर दिया। गांव के लोगों ने उन्हें बचाया। उसकी पुत्रवधू को गुम व सिर में खुली चोटें आई थी। पुलिस ने मामले की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

11 जुलाई 2024 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। न्यायालय ने गवाहों को सुनने के बाद कुलदीप को मामले में संलिप्त नहीं पाया। अभियोजन की ओर से न्यायालय में कुल आठ गवाह पेश किए गए। साक्ष्य के रूप में 10 दस्तावेज पेश किए गए। न्यायालय ने मेडिकल रिपोर्ट का अवलो. कन करने और एक्स-रे रिपोर्ट में हड्डी टूटी हुई पाने पर दोषी मानते हुए गीता, सोनू और अनमोल को सजा सुनाई है

### बरेली जंक्शन पर बंद की गई प्रयागराज अयोध्या, काशी के टिकटों की बिक्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** स्टेशन और प्लेटफार्म पर बढ़ती यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने जनरल टिकटों की बिक्री पर रोक लगा दी है। सोमवार दोपहर 1:00 बजे से सीनियर डीसीएम के निर्देश पर प्रयागराज अयोध्या काशी के जनरल टिकटों की बिक्री बंद कर दी गई। अब यह टिकट ट्रेन आने के 2 घंटे पहले दिए जाएंगे। मंडलीय अफसरों के निर्देश के बाद सीएमआई मो इमरान ने बुकिंग कार्यालय जाकर अगले आदेश तक जनरल टिकट की बिक्री बंद करा दी है। बता दें कि प्रयागराज जाने के लिए यात्री दोपहर से ही लाइन में लगकर जनरल टिकट लेकर प्लेटफार्म पर आ जाते थे इससे ट्रेन के जाने के समय तक प्लेटफार्म पर भारी भीड़ हो जाती है। इस बीच ट्रेन अगर लेट होती है तो प्लेटफार्म पर भारी भीड़ जमा हो जाती। बरेली से चलने वाली प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन 14308 कुछ दिन राइट टाइम चल कर लगातार 7 से 8 घंटे लेट आ रही है। कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने के बाद भी बरेली स्टेशन पर भीड़ कम नहीं हो रही है। नई दिल्ली हादसे के बाद मुरादाबाद मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने रविवार को बरेली जंक्शन का दौरा कर स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह, सीएमआई मोहम्मद इमरान और आरपीएफ इंस्पेक्टर विनीता कुमारी को निर्देश दिया था कि प्लेटफार्म पर भीड़ आने के बजाय सर्कुलेटिंग एरिया में रोक दिया जाए और ट्रेन समय के 1 घंटे पहले सभी यात्रियों को प्लेटफार्म के लिए रवाना किया जाए इससे प्लेटफार्म पर भगदड़ मचने की संभावना नहीं बनेगी और सुरक्षा के साथ यात्रियों का सफर पूरा हो सकेगा।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## दहेज लोभी ससुरालियों ने विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** चार पहिया गाड़ी और सोने के जेवरात की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को ससुरालियों ने पीटकर घर से निकाल दिया। शिकायत पर पुलिस ने पति सहित छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव पंडरी निवासी मनतशा ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी पांच साल पहले पंडरी के ही चाँदबाबू पुत्र अकबर अली के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी में पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था।जिससे ससुराल बाले संतुष्ट नहीं थे। आए दिन दहेज में चार पहिया की गाड़ी और सोने के जेवरात की माँग कर मारपीट कर उत्पीड़न करने लगे। उसके दो छोटे बच्चे हैं। रविवार 16 फरवरी की रात्रि को ससुरालियों ने पीटकर घर से निकाल दिया, तथा बिना दहेज घर में घुसने पर जान से मारने की धमकी दी। पूर्व में भी लिखित समझौता हो चुका है। जिसे ससुराल बाले नहीं मान रहे हैं। पुलिस ने पति चांद बाबू, अकबर अली, हबीवन, गुड्डू, फरजंद व फैजान के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# साहाबः पुलिस से ज्यादा पापा से डर लगा है

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक ऐसा मामला सामने आया है, जहां एक अपराधी को अपने पुलिस से ज्यादा पापा से डर लगा। आरोपी ने पुलिस से कहा कि साहब पापा को लड़की के मैसेज करने की बात मत बताना, चाहे ठगी का मामला बता देना। दरअसल मामला यह है कि कोतवाली पुलिस से 11 लाख 30 हजार रुपये की ठगी करने की शिकायत हुई थी। इस मामले में एसएसपी ने भी कार्रवाई का आदेश दिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 शातिर अपराधियों को पकड़ने के साथ आरोपियों के बैंक खाते में जमा 10 लाख बैंक खातों में कराये गये रकम को भी होल्ड भी कर दिया।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक पीड़ित राघव अग्रवाल पुत्र महेश सरन अग्रवाल निवासी राधेश्याम इन्कलेब बरेली ने थाना कोतवाली पर सूचना दी कि 2 आरोपियों द्वारा मोबाईल नम्बर व्हाटसप पर फर्जी डिटेल एवं दस्तावेज भेजकर धोखाधड़ी करके 11 लाख 30 हजार रुपये अपने खाते में डलवा लिए गये हैं। इस सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 318(4)/338(3)/336/340 बीएनएस व 66 (सी) आईटी एक्ट पंजीकृत कर लिया। आज कोतवाली पुलिस टीम ने एक मुखबिर की सूचना पर लोगों के साथ फर्जी दस्तावेज दिखाकर धोखाधड़ी कर पुराने जनरेटर व अन्य प्रोडेक्टों को सस्ते में बेचने के लिए अपने जाल में फंसाकर उनसे रकम वसूलने वाले 2 अभियुक्तगण प्रशान्त गुप्ता पुत्र राजीव गुप्ता निवासी 192 सैनिक विहार कालोनी थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ, रघुवीर सिंह पुत्र तेजपाल सिंह निवासी सैनिक विहार कालोनी थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ मूल पता ग्राम कमालपुर थाना कोतवाली देहात जनपद मेरठ को स्टेशन रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फर्जी लेटर हेड, कई आधार कार्ड, कई वोटर आईडी कार्ड, एटीएम आदि समान बरामद किया है। वहीं आरो. पियों ने राघव अग्रवाल के साथ 11 लाख 30 हजार रुपये की धोखाधड़ी करके रुपये ठग लेने की घटना को स्वीकार किया है।

आरोपियों द्वारा ठगी की गयी रकम में से कुल 10 लाख रुपये आरोपियों के बैंक खातों में होल्ड किये गये हैं। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि धोखाधड़ी के मामले में दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जा रहा है। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## मुंडिया जागीर जूनियर हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने सेमीखेड़ा चीनी मिल का किया शैक्षिक भ्रमण



■ छात्र-छात्राओं ने जिले की एक मात्र किसान सहकारी चीनी मिल की ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** ब्लॉक दमखोदा (रिछा) की नगर पंचायत देवरनियां के कस्बा मुंडिया जागीर के उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को इंचार्ज प्रधान अध्यापक और प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री मोहम्मद हसन के नेतृत्व में जिले की एक मात्र किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा में शैक्षिक भ्रमण के लिए ले जाया गया।


यह भ्रमण बच्चों के लिए बहुत ही उपयोगी और ज्ञानवर्धक था। उन्होंने चीनी मिल के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया, जैसे कि गन्ना प्रोसेसिंग यूनिट, बॉयलर हाउस, और पैकेजिंग यूनिट। उन्होंने चीनी उत्पादन की प्रक्रिया के बारे में जाना और विभिन्न मशीनों को देखा। बच्चों ने इस भ्रमण से बहुत कुछ सीखा और अपने ज्ञान को बढ़ाया। उन्हें चीनी मिल के कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी मिली। उन्होंने यह भी जाना कि कैसे चीनी मिल गन्ना किसानों की मदद करती है और उन्हें उनकी फसल का सही मूल्य दिलाने में मदद करती है। इस भ्रमण के दौरान, बच्चों को चीनी मिल के अधिकारियों ने विभिन्न जानकारियां दीं, और उनके सवालों का जवाब दिया। बच्चों ने इस भ्रमण का बहुत आनंद लिया और नई जानकारी प्राप्त की। इस शैक्षिक भ्रमण में शैली जौहरी, रचना सक्सेना, मिथिलेश कुमारी भी सम्मिलित रहे।

## इज्जतनगर थाना क्षेत्र में हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में एक बारात घर में लाइसेंसी पिस्टल से हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल हो रहा है। पहले यह वीडियो बहेड़ी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा था, पर जब बहेड़ी पुलिस ने मामले की जांच की तो पुलिस की जांच में पता चला कि वीडियो बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र का है। इसके बाद इज्जतनगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। वायरल वीडियो में दो युवक लाइसेंसी पिस्टल से हवाई फायरिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान करने में जुटी है, और साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि फायरिंग के लिए इस्तेमाल की गई पिस्टल किसके नाम पर पंजीकृत है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की हर्ष फायरिंग खतरनाक और गैरकानूनी है। जांच पूरी होने के बाद दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर इज्जतनगर के बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



## दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उठाए जाएं प्रभावी कदमः डीएम

■ जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए दिशा निर्देश





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मंगलवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग की जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जानक. ारी ली कि विगत बैठक में नेशनल हाइवे पर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स को समाप्त करने की दृष्टि से सुधारात्मक कार्य कराये जाने के निर्देश दिए गए थे, उसमें क्या प्रगति हुई है। जिस पर एनएच बदायूं, मुरादाबाद द्वारा अपने कराए गए सुधारात्मक कार्यों से पहले व बाद के फोटो प्रस्तुत किए लेकिन एनएच बरेली के प्रतिनिधि द्वारा फोटोग्राफ प्रस्तुत ना करने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को फरीदपुर रोड का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए कि वास्तव में कार्य हुआ है या नहीं। रोड में गड्ढे आदि तो नहीं है।

बैठक में बताया गया कि एनएच हाईवे बिल्वा मोड़ पर एप्रोच रोड बनाने हेतु प्रस्ताव भेजा गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उक्त स्थल पर विगत दो साल में कितने एक्सीडेंट हुए, कितनी मृत्यु हुई हैं, कितनी एंजरी और कितनी गाड़ी डैमेज हुई उसकी रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करें। उक्त रिपोर्ट के आधार पर उच्च स्तर से बात कर शीघ्र कार्य करवाने का प्रयास किया जाएगा। एनएच बदायूं के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि देवचरा पर बाईपास भी प्रस्तवित किया गया है। बैठक में निर्देश दिए गए कि ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्य के उपरांत कितनी दुर्घटनाएं हुई हैं उसकी भी पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में स्कूली वाहनों के सुरक्षा के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि स्कूल बसों का निरीक्षण कराया गया है और 14 पर कार्यवाही भी की गयी है, 28 लोगों द्वारा अपनी गाड़ियों की फिटनेस करा ली गयी है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विद्यालय मालिकों, प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों को नाम से नोटिस जारी किया जाए कि विगत लम्बे समय से सड़क सुरक्षा समिति द्वारा विद्यालयों के स्कूली वाहनों को मानक पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। समस्त विद्यालय यदि उनका स्वयं का स्कूली वाहन है तो उनका मानक सुनिश्चित कराएं, विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे अन्य किसी कामर्शियल वाहन से एक साथ कई बच्चे विद्यालय ना आए-जाए यह सुनिश्चित किया जाए अन्यथा की दशा में यदि कोई अप्रिय घटना होती है तो विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## रात में प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी, पड़ोसियों ने दरवाजा बंदकर लगा दी कुंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** फरीदपुर में प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी का मोहल्ले के लोगों ने विरोध किया तो प्रेमी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर मोहल्ले के लोगों को पीट दिया। इस पर प्रेमिका के परिजनों ने पुलिस बुला ली। इससे पहले ही आरोपी प्रेमी मौके से फरार हो गया। वहीं, उसके दोस्त को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। लड़की के परिजनों द्वारा लिखित शिकायत न करने पर पुलिस ने पकड़े गए आरोपी की शांतिभंग में कार्रवाई की है।

फरीदपुर के एक मोहल्ला निवासी युवक का दूसरे मोहल्ले की लड़की से प्रेम संबंध है। तीन दिन पूर्व युवक अपनी प्रेमिका से रात में मिलने गया। मोहल्ले के लड़कों ने प्रेमिका के यहां जाते देख घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया।

## आबकारी विभाग की नारकोटिक्स की समीक्षा बैठक संपन्न





**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आबकारी विभाग की नारकोटिक्स की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार सम्पन्न हुई। बैठक में नारकोटिक्स संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण करने, मुकदमों में प्रभावी पैरवी करने एवं मुकदमों की मैपिंग कराने के निर्देश दिये गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि एनडीपीएस के विगत 01 जनवरी 2023 से अब तक कितने मुकदमे हुये, उसमें से कितने दोष सिद्ध हुए, कितने दोष मुक्त हुए और कितने मुकदमे कोर्ट में विच. ाराधीन है, उसका ब्यौरा बनाकर अतिशीघ्र प्रस्तुत करें। निर्देश दिए गए कि पुलिस द्वारा कृत कार्यवाही तथा प्रशासन द्वारा कृत कार्यवाही का भी विवरण प्रस्तुत किया जाए।? बैठक में निर्देश दिए गए कि जनपद में अफीम की खेती कहां-कहां होती है, उसका भी विवरण बुकलेट में प्रस्तुत किया जाए, जिसपर बताया गया कि 633 काश्तकार अफीम की खेती करते हैं, जो सरकार को ही अफीम उपलब्ध कराते हैं जो गाजीपुर फैक्ट्री में जाती है। बैठक में बताया गया कि जो काश्तकार अफीम मानक के अनुरूप पैदावार नहीं करते हैं, उसका पट्टा अगली बार के लिये निरस्त कर दिया जाता है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीलीभीत।**

पत्रांकः 997/न0पा0प्रि0पी0/2024-25 दिनांकः- 15/02/2025

**प्रस्ताव सूचना**

नगर पालिका परिषद, पीलीभीत में सफाई व्यवस्था सुदृण करने एवं स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्थापित एम0आर0एफ0 सेंटर में कूडा एकत्रीकरण, पृथक्कीकरण, कम्पोस्ट तैयार करना आदि पूर्ण कार्य कराये जाने हेतु प्रस्ताव दिनांक 21.02.25 को दोपहर 5:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है, प्रस्ताव खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होता है तो प्रस्ताव अगले दिन कार्य दिवस मे खोले जायेंगे, उक्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**नियम व शर्तेंः-**


1. उक्त कार्य का प्रस्ताव पास के उपरान्त तीन दिवस में 10 प्रतिशत एफ0डी0आर0/डी0डी0 अधिशासी अधिकारी के नाम धरोहर धनराशि के रूप में बन्धक कर जमा करना अनिवार्य होगा।
2. प्रस्ताव में दरों का व्यवहारिक होना अनिवार्य है प्रतिस्पर्धा की स्थित में गुणवत्ता को बनाये रखने के लिये अव्यवहारिक दरें स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्रस्ताव स्वीकृत के 15 दिवस के अन्दर समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करनी होगी एवं सहायक स्टाम्प आयुक्त द्वारा निर्धारित दरो के अनुसार स्टाम्प पेपर पर ठेके का अनुबन्ध लिखकर एवं स्वय के हस्ताक्षरयुक्त दाखिल कराना अनिवार्य होगा अन्यथा अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा।
4. एम0आर0एफ0 सेंटर पर सेग्रिगेशन करने एवं समस्त कूड़े का निस्तारण करने हेतु उचित स्थान पर पहुंचाना होगा।
5. एम0आर0एफ0 सेंटर में उपयोग में आने वाले वाहनों एवं उपकरणों की व्यवस्था निकाय द्वारा की जायेगी और उसके डीजल व वाहन चालक एवं उसकी मरम्मत की व्यवस्था संस्था/फर्म को वहन करनी होगी।
6. गीला-सूखा कूड़ा को अलग-अलग करने हेतु जनता को जागरूक करना और विभिन्न स्थानों पर समय-समय बैठक कराना होगा।
7. कचरा प्रबन्धन में होने वाले व्यय व बजट का विवरण देना होगा।
8. ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन अधिनियम 2016 के अनुपालन हेतु शपथ पत्र देना होगा।
9. एन0जी0टी0/ शासन से निर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन से सम्बन्धित शासनादेश/नियमों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
10. समस्त कर स्वीकृत संस्था/फर्म द्वारा देय होगें।
11. शहर से निकलने वाले वेस्ट को प्रोसेसिंग के बाद मिलने वाले लाभांश में नगर पालिका को मिलने वाले अंशदान का भी उल्लेख करना होगा और नगर पालिका को अधिक अंशदान देने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी।
12. कार्य संतोषजनक न होने की दशा में प्रस्ताव समाप्त करने का अधिकार निकाय में निहित होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
पीलीभीत।

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
पीलीभीत।

# पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर समीक्षा बैठक

**परियोजना निदेशक ने प्रगति और नेटमीटर से संबंधित समस्याओं को सुना**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति और नेटमीटर से संबंधित समस्याओं को लेकर परियोजना निदेशक दिग्विजय नाथ तिवारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में उपस्थित पर्ल इंटरप्राइजेज फर्म के संचालक महेश जुनेजा द्वारा अवगत कराया गया कि पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत 05 प्लाण्ट स्थापित किये हुये लगभग 02 सप्ताह बीत चुके हैं। नेट/स्मार्टमीटर लगवाने हेतु प्रोसेसिंग फीस जमा करा दी गयी है, किन्तु विद्युत विभाग द्वारा अभी तक नेटमीटर स्थापना की कार्यवाही नहीं की गयी है। इस सम्बन्ध परियोजना निदेशक ने विद्युत विभाग को तत्काल नेटमीटरिंग की कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये। महेश जुनेजा द्वारा नेटगीटर की बिलिंग से सम्बन्धित समस्या से अवगत कराया गया। इस सम्बन्ध में अधिशाषी अभियन्ता मीटर्ड ने बताया गया कि नेट बिलिंग हेतु पोर्टल पर संशोधन का कार्य चल रहा है। शीघ्र ही नेट बिलिंग का कार्य कराते हुये उपभोक्ता को संशोधित बिल उपलब्ध करा दिये जायेंगे, जिससे उपभोक्ता पीएम सूर्यघर योजनान्तर्गत विद्युत छूट का लाभ ले सकेंगे। आर. एस. इंटरप्राइजेज के संचालक दीपक अराहन द्वारा उपभोक्ता के नाम में संशोधन एवं कनेक्शन ट्रांस्फर हेतु आ रही समस्या पर अधिशाषी अभियन्ता विद्युत ने बताया कि नाम संशोधन एवं कनेक्शन हेतु उपभोक्ता के आधार कार्ड, हल्फनामा एवं प्रार्थना पत्र कार्यालय में उपलब्ध कराने पर नाम संशोधन की कार्यवाही की जायेगी। परियोजना निदेशक ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि समस्त डिवीजन कार्यालयों में ऐसे उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु कैम्प का आयोजन किया जाये। उन्होंने कहा कि यह कैम्प एस.डी.ओ. आफिस में लगवाये जायें और कैम्प लगाने का समय 10:00 बजे से 02:00 बजे तक निर्धारित किया जाये और विद्युत विभाग द्वारा इन समस्याओं को तत्परता से समाधान सुनिश्चित कराया जायें।

बैठक में उपस्थित कुछ वेण्डर्स द्वारा बताया गया कि बैंक से ऋण हेतु घर के स्वामित्व के सम्बन्ध में उपभोक्ता से अभिलेख मांगे जा रहे हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी लोगों के पास घर के स्वामित्व से सम्बन्धित कोई अभिलेख नहीं है। इस आधार पर बड़ी मात्रा में पीएम सूर्यघर के आवेदन पत्रों को शाखा प्रबन्धकों द्वारा निरस्त किया जा रहा है, जिससे योजना कि प्रगति बाधित हो रही है। इस सम्बंध में परियोजना निदेशक ने एल.डी.एम.को निर्देशित किया गया कि सभी बैंको द्वारा घर के स्वामित्व सम्बंधी अभिलेख में ग्रामीण क्षेत्रों में बी.डी.ओ. एवं ई. ओ. द्वारा सत्यापन प्रमाण पत्र लेकर ऋण स्वीकृत कराना सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में वरिष्ठ परियोजना अधिकारी यूपीनेडा मुकेश कुमार, एल.डी.एम. मदन मोहन प्रसाद, समस्त अधिशाषी अभियन्ता, (विद्युत खण्ड), उपखण्ड अधिकारी (विद्युत वितरण उपखण्ड), यूपीनेडा के वरिष्ठ सहायक अनुज कुमार, पी. एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के समस्त वेण्डर द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# बाईकों की भिड़ंत में दो घायल, रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/ रामपुर।** सोमवार ग्राम मिलक गुलाम अली थाना शाहबाद जिला रामपुर के रहने वाले 22 वर्षीय प्रेम पुत्र चंद्रसेन किसी काम से शाहबाद की ओर निकले थे वहीं जाहिदपुर का रहने वाला 40 वर्षीय राशिद भी किसी काम से शाहबाद की ओर आ रहा था।

कि प्रेम और राशिद की मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें प्रेम के सिर और पैर में गंभीर रूप से चौट वही 40 वर्षीय राशिद पुत्र रहमत के पैर में जबरदस्त चौट आई माजरा देख भीड़ जमा हो गई।

सूचना पर पहुंची एंबुलेंस दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लेकर पहुंची जहां पर चिकित्सकों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया

# खोद कला ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की जाँच करने पहुंची टीम

## विकास कार्यों की जांच करने पहुंचे पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** विकास कार्यों की शिकायत पर जांच करने पहुंचे पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जीशान मलिक क्षेत्र की ग्राम पंचायत खोद कला में ग्राम प्रधान के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जाँच हेतू ग्राम पंचायत के निवासी फैज मियां ने लगभग एक माह पूर्व रामपुर जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमे तमाम विकास कार्यों की जांच करने की मांग की गई थी जिसकी जांच के लिए दिन सोमवार को समय तीन बजे जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जीशान मलिक पहुंचे और शिकायतकर्ता फैज मियां से तमाम ग्रामीणों की मौजूदगी मे शिकायतों की जानकारी ली शिकायतकर्ता फैज मियां ने बताया है कि विकास कार्यों की जांच के लिए 17 फरवरी को अधिकारी आए और एक एफिडेविट ना होना बताया हैं, और जिसकी आज जांच ना कर 27 फरवरी को दोबारा जांच करने के लिए कहा है, फैज मियां ने यह भी बताया कि हमारी तरफ से सारे डॉक्यूमेंट कंप्लीट है,लेकिन उसके बावजूद भी जांच के नाम पर आज खाना पूर्ति की गई है।



## एसपी नें कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को एसपी नें एएसपी के साथ पुलिस कन्ट्रोल रूम, एकीकृत कमाण्ड रूम, यूपी-112 कार्यालय एवं थाना साइबर क्राइम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित दस्तावेजों के रख रखाव, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चौक किया गया। एकीकृत कमाण्ड रूम में निगरानी हेतु जनपद में विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का जायजा लिया गया, साथ ही साफ-सफाई आदि को चौक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# झारखंड की अधिवक्ता का रामपुर के होमगार्ड दंपति ने कब्जाया सामान

## पुलिस ने मेंटल बताकर मोबाइल भी छिनवाया, एसपी ने दिए मुकदमे के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** झारखंड की महिला अधिवक्ता का रामपुर के होमगार्ड दंपत्ति ने सामान कब्जा रखा है।स्थानीय पुलिस से शिकायत करने पर उसे मेंटल बताकर पुलिस ने उसका मोबाइल भी छिनवा दिया। आखिरकार पीड़िता अधिवक्ता की गुहार पर एसपी ने मुकदमें के आदेश दिए हैं।



झारखंड की महिला अधिवक्ता ने होमगार्ड दंपती के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा एसपी के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया है। इसमें होमगार्ड दंपती अमरीश पाठक और उनकी होमगार्ड पत्नी आंचल पाठक उर्फ आंचल शर्मा को नामजद किया गया है। पीड़िता अधिवक्ता गंगा सरोवर का आरोप है कि होमगार्ड दंपती ने बहाने से उनका सामान, जेवर और मोबाइल ले लिया और अब वापस नहीं कर रहे। पीड़िता अधिवक्ता गंगा सरोवर झारखंड के शिवंगाल लेन देवघर की निवासी हैं। 8 फरवरी को एसपी को बताया था कि वह पेशे से एडवोकेट हैं और झारखंड में ही प्रैक्टिस करती हैं। 6 दिसंबर 2024 को वह रामपुर में थीं। उसने अपना सामान तहसील मिलक निवासी होमगार्ड अमरीश पाठक से लेने आई थीं। आरोपी होमगार्ड कचहरी में तैनात है। पीड़िता अधिवक्ता का कहना है कि आरोपियों ने उनका सामान वापिस नहीं किया। पीड़िता के मुताबिक आरोपी अमरीश पाठक के साथ उसकी पत्नी होमगार्ड आंचल पाठक उर्फ आंचल शर्मा भी मिली है। पीड़िता ने बताया कि इससे पहले भी वह एसपी से शिकायत की थी। जिस पर हल्का दरोगा मुकेश कुमार ने उन्हें थाने बुलाकर आरोपी अमरीश पाठक से सामान वापस दिलाने के बजाए उल्टा उससे उसका मोबाइल भी आरोपी को ही दे दिया और दरोगा ने पीड़िता को मानसिक रोगी बता कर थाने से भगा दिया था। फिलहाल, अब इस मामले में पुलिस ने एसपी के आदेश पर आरोपी होमगार्ड दंपती के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# वांछित चल रहे अभियुक्त पर पुलिस ने की कार्रवाई



सैफनी। पुलिस गिरफ्त में वांछित इकरार उर्फ लल्ला।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वांछित चल रहे अभियुक्त इकरार उर्फ लल्ला पुत्र अब्दुल हसन निवासी ग्राम घोसीपुरा थाना पटवई जनपद रामपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर का मनाया गया परिनिर्वाण दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को ऑल इंडिया महापदम नन्द कम्युनिटी एजुकेटेड संगठन उत्तर प्रदेश के जिला यूनिट रामपुर के तत्वाधान में मिलक के मोहल्ला ग्रीन सिटी कॉलोनी में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बसपा के जिला प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर एडवोकेट ने कहा की जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म भारत में ब्रिटिश शासन काल में समस्तीपुर जिले के ग्राम पितोजिया में हुआ था। जिसे अब करपुरीग्राम कहा जाता है इनका जन्म नाई, (ठाकुर) जाति में हुआ था उनके पिता का नाम गोकुल ठाकुर तथा माता जी का नाम रामदुलारी देवी था इनके पिता गांव के सीमांत किसान थे। ठाकुर ने 22 दिसंबर 1970 को



जननायक कर्पूरी ठाकुर

बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद सरकार को जनता तक पहुंचाने और बेहतर जन कल्याण के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण सुधार लागू किया। एक बार उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रहने के बावजूद कर्पूरी ठाकुर रिक्शा से ही चलते थे क्योंकि उनकी जायज आय कार खरीदने और उसका खर्च बहन करने की अनुमति नहीं देती थी उनकी सादगी और ईमानदारी की मिसाल आज भी पूरे देश में कायम है। उन्होंने हिंदी को विहार में राजभाषा का दर्जा दिया 17 फरवरी 1988 को 64 वर्ष की उम्र में आपका निधन हो गया। इस अवसर पर ऑल इंडिया महापदम नंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अपर महासचिव रमेश श्रीवास्तव ने भी विचार रखें। परमानंद श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद, राम सिंह श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष रामपुर, रामावतार श्रीवास्तव, मदनलाल श्रीवास्तव एडवोकेट, अवनीश श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, नवल श्रीवास्तव, विमल श्रीवास्तव, आयुष दिव्यांश समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज कलेक्ट्रेट पहुँचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिले की प्रमुख समस्याओं के समाधान की माँग की गई, जिनमें दनकरा गौशाला का संचालन, मिलक में 33 के.वी. लाइन का स्थानांतरण, खतौनी में नाम सुधार को लेकर फार्मर रजिस्ट्री में हो रही समस्या, कोसी नदी के कटान से सुरक्षा, मुंडिया कलाँ से अहरो तक सड़क की मरम्मत, राशन वितरण में अनियमितता आदि समस्याएँ शामिल हैं। जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर प्रशासन द्वारा इन जनहित के मुद्दों का समाधान नहीं किया गया, तो किसान बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट में आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि



रामपुर। डीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारी

जिले में किसानों और आम जनता की परेशानियाँ बढ़ती जा रही हैं। दनकरा में गौशाला का निर्माण होने के बावजूद संचालन शुरू न होने से आवारा पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुँचा रहे हैं। वहीं, मिलक में घनी आबादी और स्कूलों के ऊपर से गुजर रही 33 केवी लाइन जानलेवा साबित हो रही है। शाहबाद में कोसी नदी के कटान से कई गाँव प्रभावित हैं, वहाँ पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने प्रशासन से राशन वितरण में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार पर तत्काल रोक लगाने, डिस्टिलरी फैक्ट्री से निकलने वाले दूषित नाले को बंद कराने और बिलाल राइस मिल केमरी के पीड़ित किसानों को उनका बकाया भुगतान दिलाने की माँग भी की। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने प्रशासन से इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की अपील की है। जिला अधिकारी ने किसानों की सभी समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान कराने का आश्वाशन दिया। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र खन्ना, महेश बाबू गंगवार, ठाकुर लक्ष्मी चौहान, भानु सिंह गंगवार, जुबैर खान, ज्ञान पाल यादव,उस्मान, राधेश्याम राजपूत, गुरनाम सिंह, लालमन गंगवार,जाहिद खान, हरपाल सिंह, लखविंदर गंगवार, नरेश गंगवार, वीरेंद्र गंगवार आदि किसान मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाई बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कॉग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें दो मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं नें अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर का बहुजनों के हक और अधिकारों के लिए उनका संघर्ष और योगदान सामाजिक न्याय की राह में हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 17 फरवरी को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है।



रामपुर। कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण करते कॉग्रेसी।

धर्मेन्द्र गुप्ता ने कर्पूरी ठाकुर का पुण्यस्मरण करते हुए कहा है कि कर्पूरी जी दलित, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। उनके सादा जीवन, स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छा शक्ति ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित किया। उनकी लोकप्रियता और सेवा भावना के कारण उन्हें 'जननायक' भी कहा जाता है। कर्पूरी ठाकुर जी ने देशवासियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। देश के लिए उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष नोमान खां, युवा कांग्रेस के जिला आरिफ अल्वी, तसलीम खां, दामोदर सिंह गंगवार, जिवेन्द्र गंगवार, मोहम्मद फाजिल, अजीमुद्दीन, राजकुमार, टेकचंद्र, बदाम सिंह, रईस अल्वी, चमन शाह, रेहान खान, इरफान अली, गंगन कुमार, कानता प्रसाद, आसिफ अली, फैजान अल्वी, रिजवान मियां आदि मौजूद रहे।

# गौशाला बनवाने के सम्बन्ध में ई.ओ.से की वार्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर से भारतीय गौ रक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी ने गौशाला के संबंध में बात की जिसमे अधिकारी अधिशासी ने बताया कि जल्दी ही नगर में गौशाला बनवा दी जाएगी और शासन को इसका प्रस्ताव भी भेजा गया है जमीन भी चिन्हित कर ली गई है अधिकारी अधिशासी से लोधी ने बातचीत में कहा कि नगर में जो गाय सड़को पर घूम रही है और आए दिन एक्सीडेंट होते रहते है तथा गायों को गौशाला पहुंचाने के लिए गाड़ी एवं लेबर की व्यवस्था कराई जाए।

# कुत्ते के हमले में किशोर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** सोमवार को तहसील क्षेत्र के गांव नवाबपुरा के रहने वाला 19 वर्षीय किशोर किसी काम से घेर में गया था कि वहां अचानक एक कुत्ता आ गया और उसने 19 वर्षीय अर्जुन पुत्र सुखबीर पर हमला कर दिया जिससे उसका हाथ और चेहरा जख्मी हो गया। अर्जुन ने बताया कि वह घेर में किसी काम से गया था और अक्सर दोस्तों के साथ घेर में बैठा करते हैं। गांव के ही रहने वाले गजेन्द्र का कुत्ता भी वहां अक्सर बैठा हुआ मिलता था कि आज अचानक इसी कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और वह जमीन पर गिर पड़ा।

शोर मचाने पर करने पर परिजन और आसपास के लोग पहुंचे और उसको कुत्ते के हमले से बचाया।घायल अर्जुन को उसका रिश्ते का एक भाई अनिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद लेकर पहुंचा जहां चिकित्सक ने उसको उपचार देकर घर वापस भेज दिया

# कन्या सुमंगला योजना के तहत 6 श्रेणियों में दी जाती है 25 हजार की धनराशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** महिलाओं के सशक्तिकरण के मिशन को प्राथमिकता के आधार पर प्रदेश में आगे बढ़ा रही योगी सरकार ने बालिकाओं को शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना शुरू की गई है जिसके अंतर्गत बालिकाओं को 25000 रुपये की आर्थिक सहायता 6 किश्तों में प्रदान की जाती है।

प्रदेश में कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करने, समान लैंगिक अनुपात स्थापित करने, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देने, बालिकाओं का स्वावलम्बी बनाने में सहायता प्रदान करने तथा बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग द्वारा अप्रैल, 2019 से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना संचालित है।

जनपद रामपुर में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत




**महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित है मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जनपद में 13075 बेटियां योजना से हो रही लाभान्वित**

अबतक कुल 30353 आवेदन पत्र प्राप्त किये गये, जिसके सापेक्ष 13075 बेटियों को 06 श्रेणियों के आधार पर लाभान्वित किया जा रहा है। समस्त पात्र बेटियों को मिलेगा लाभ, पात्रता/आवेदन की प्रक्रिया मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की पात्रता के लिए उत्तर प्रदेश का स्थाई निवास प्रमाण पत्र होना चाहिए, परिवार के वार्षिक आय अधिकतम 03 लाख रुपये हो और एक ही परिवार की अधिकतम दो बच्चियों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

बालिका स्वयं (यदि वयस्क हो), माता-पिता या अभिभावक आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन कॉमन सर्विस केंद्रों/साइबर कैफे/स्वयं के स्मार्टफोन या कंप्यूटर आदि http//mksy.up.gov.in पर लॉगिन करके आवेदन कर सकते हैं या जनपद के जिला प्रोबेशन अधिकारी के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की 6 श्रेणियों में प्राप्त होने वाली कुल धनराशि 25000 रुपये है। इसके तहत बेटी के जन्म के समय दी जाने वाली प्रथम श्रेणी धनराशि 5000 रुपए है।

वहीं एक वर्ष की आयु तक समस्त टीकाकरण पूर्ण होने पर द्वितीय श्रेणी में 2000 रुपये धनराशि दी जाती है। इसी तरह कक्षा 1व कक्षा 9 में प्रवेश पर 3-3 हजार रुपये की तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की धनराशि और कक्षा 9 में प्रवेश पर 5 हजार रुपए की पंचम श्रेणी की धनराशि दी जाती है।

अंत में 10वीं या 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर 2 वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा या स्नातक में प्रवेश पर 7000 रुपए की षष्टम श्रेणी की धनराशि दी जाती है।

# मोतीपुरा के ग्रामीणों ने गाँव में जल भराव को लेकर किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत खोद कला का मंजरा गांव मोतीपुरा में दिन सोमवार को समय दो बजे तमाम ग्रामीण एकत्र हुए और गांव में जल भराब से नाराज होकर ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन क्या और जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान को कई बार अवगत कराने के बाद भी ग्राम प्रधान ने जल भराव की समस्या का कोई समाधान नही किया। जल भराव से गांव के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जल भराब होने से गांव में नन्हे मुन्ने स्कूली बच्चे गिर जाते हैं और तमाम प्रकार की ग्रामीणों को समस्याओं का सामना गांव मे जल भराव होने की वजह से करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से समस्या का समाधान करने हेतु मांग की है। प्रदर्शन करने वालो मे रतन लाल, राज कुमार, सूरज, राधेश्याम, राहुल, देव सिंह, राम गोपाल, किशनलाल कुंवर पाल, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, निकेश राजेंद्र, मुरारीलाल, हरिओम सिंह, शकर, आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय प्रवक्ता के आह्वान पर हजारों कार्यकर्ता मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हुए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़/सिंभावली।** मुजफ्फरनगर के काकड़ा में आयोजित महा पंचायत के लिए भाकियू टिकैत संगठन के हजारों कार्यकर्ता और पदाधिकारी जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में नारे बाजी करते हुए रवाना हुए। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया है कि राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आह्वान पर इस बार किसानों की राजधानी सिसौली में होने वाली मासिक पंचायत को स्थगित कर वहां की बजाए काकड़ा में महा पंचायत के रूप में आयोजित कि जा रही है। काकड़ा में होने वाली महाप. ंचायत में जनपद हापुड़ से जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला प्रवक्ता कुँवर खुशनुद, महिला विंग जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, सरिता देवी, ममता शर्मा, शोभा देवी, गढ़ तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर त्यागी, गढ़ ब्लॉक अध्यक्ष माजिद चौधरी, सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली,

हापुड़ ब्लॉक अध्यक्ष पंडित विनोद शर्मा, तहसील हापुड़ अध्यक्ष चौधरी ओमबीर सिंह, धौलाना ब्लॉक अध्यक्ष उमेश राणा, तहसील अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, महिपाल सिंह उर्फ गुजराल, नफीस खां, मोहसीन



अल्वी, परवेज अली, राजा खेड़ा, डॉक्टर मतलूब, आजाद तोमर, जगबीर चौहान, फैजान अल्वी समेत के नेतृत्व में भाकियू टिकैत के हजारों कार्यकर्ता और पदाधिकारी बसों में सवार होकर रवाना हो गए।

# संदिग्ध परिस्थिति में महिला लापता

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला रसोइया संदिग्ध परिघस्थितियों में लापता हो गई। महिला के परिजन ने उसको काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजन की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी मां नगर के एक इंटर कालेज में खाना बनाती थी। रविवार की सुबह को वह घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी देर तक जब उसकी मां घर वापस नहीं आई तो उनको चिंता हुई। परिजन ने उसको काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजन ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मजदूर के साथ हुई लूटपाट के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की

**गढ़मुक्तेश्वर।** गन्ने की छिलाई के लिए आते समय रास्ते में बाइकर्स द्वारा की गई लूटपाट का खुलासा न होने पर पीडिघ्त मजदूर ने अपनी रिपोर्ट दर्ज कर मोबाइल समेत सामान बरामद कराने की गुहार लगाई। सिंभावली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर खुड़लिया के पूर्व प्रधान पति नेत्रपाल सिंह और वायुसेना के पूर्व वारंट आफिसर चौधरी मनवीर सिंह पीडिघ्त मजदूर को साथ लेकर थाने में पहुंचे। जिन्होंने पीडिघ्त की रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही घटना का जल्द खुलासा करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि जिला लखीमपुर के थाना निघासन क्षेत्र के गांव बजरंगगढ़ का अर्जुन गांव खुड़लिया में किसानों के खेतों पर गन्ना छिलाई कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। जिसे 25 जनवरी की सुबह करीब तीन बजे वह अपने गांव से खुड़लिया आते समय रास्ते में गांव के पास न्यू नेशनल हाइवे के बाईपास पर बाइकर्स ने लूट लिया था। पीडिघ्त मजदूर ने अपनी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए मोबाइल समेत लूटा गया सामान वापस दिलाने की गुहार लगाई। इंस्पेक्टर श्योपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच कराई जा रही है, जिसके आधार पर जल्द ही सारी सच्चाई का खुलासा आरोपियों की धरपकड़ की जाएगी।

## गढ़ आसपास

### सड़क हादसे में दो लोग घायल

**ब्रजघाट/गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद अमरोहा के गजरौला निवासी अमित कुमार अपने साथी दीपक के साथ सोमवार की सुबह को बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से ब्रजघाट आए थे। वहां से कार्य खत्म करने के बाद दोनों घर लौट रहे थे। गंगा पुल पर पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी। हादसें में दोनों घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है।

### मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव पावटी निवासी हिमालय सिंह दो दिन पूर्व पड़ोसी गांव से शादी में शामिल होकर घर लौट रहे थे। रास्ते मूं उनको गांव हिरणपुरा के निकट मंदिर के पास उसको हिरनपुरा गांव निवासी अंकित, सौरभ ने अपने साथी अमित, शुभ के घ्साथ मिलकर रोक लिया। उसके बाद आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की, जहां विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ लाठी डंडों से पिटाई कर घायल कर दिया। घायल को बेहोशी की अवस्था में छोड़कर आरोपी वहां से फरार हो गए। पीड़ित के परिजन ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### विधवा महिला ने लगाया मारपीट का आरोप

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने जेठ और तीन लोगों के घखिलाफ पिता के साथ पिटाई कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने न्यायालय की शरण में जाकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव निवासी महिला ने बताया कि उसकी गांव निवासी एक युवक से कोर्ट मैरिज हो गई थी। उसके कुछ माह बाद उसके पति की सड़क हादसे में मौत हो गई। उसने बताया कि उसकी पति की मौत के बाद ससुराल पक्ष ने उसकी बेटी को अपने पास रखकर उसको घर से निकाल दिया। पीड़िता ने बताया घकि हाई कोर्ट में रिट दायर कर उसने अपनी बेटी को वापस ले लिया। उसने बताया कि 5 अक्टूबर को वह अपने पिता के साथ गढ़ तहसील में किसी कार्य से गई थी। वहां उसके जेठ ने अपने दो साघथियों के साथ मिलकर उसके और उसके पिता के साथ पिटाई कर दी। वहां लोगों की भीड़ देखकर आरोपी फरार हो गए। उसके बाद घर लौटने के दौरान आरोपियों ने फिर से दोनों को रोकर उसके साथ छेड़छाड़ की और उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। उसके बाद उसके पिता को निरंतर ब्लैक मैल कर रहे है। पीड़िता ने पुलिस के आला अघधिकारियों को घशिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर आरो. पियों के घखिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### गन्ने की फसल में लगी आग, चार बीघा फसल जली

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के गांव लोदीपुर सोभन के जंगल में अज्ञात कारणों से एक किसान के गन्ने के खेत में आग लग गई। जिसमें लगभग चार बीघा गन्ने की फसल जल गई। पीड़ित किसान ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं। गांव निवासी भूले सिंह ने बताया कि उनका गन्ने का खेत पास के ही जंगल में है। इसमें खड़ी फसल में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। सूचना मिलने पर पीड़ित और आसपास के खेतों में काम कर रहे अन्य किसानों ने मिट्टी, पानी एवं गन्ने की हरी पत्ती तोड़कर आग पर काबू पाया। आग से लगभग चार बीघा गन्ने की फसल जल गई। पीड़ित किसान ने थाने में इत्तेफाकिया हादसे की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए शासन व प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी हैं।

### महिला से छेड़छाड़ करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यघक्ति ने महिला से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद आरोपी वांछित चल रही था। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिए गया हैं।

### छह दिन बाद भी संजय हत्याकांड में शामिल एक आरोपी अभी फरार

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के गांव नयागांव इन्यातपुर निवासी 45 वर्षीय संजय की हत्या करने वाली उसकी सलहज नंदी और भतीजे मोहित को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि शेष आरोपी सोनित अभी भी फरार है। फरार आरोपी को पुलिस तलाश कर रही है। गांव निवासी संजय बाघल्मिकी सूअर पालकर अपना पालन पोषण करता था। पत्नी की मौत के बाद उसने अपने साले विनोद की पत्नी नंदी से कोर्ट मैरिज कर लिया था। तभी से वह उसके साथ रहता था। संजय को नंदी ने अपने बेटे मोहित, सोनित के साथ मिलकर ईट और लाठी डंडे से हमलाकर संपघत्ति को लेकर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने नंदी और मोहित को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन 6 दिन बीत जाने पर भी अभी शेष आरोपी सोनित फरार है। फरार आरोपी को पुलिस तलाश कर रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि शीघ्र ही शेष आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग उठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बाइकों पर सवार होकर बिना वजह रास्तों पर घूमने वाले शरारती तत्वों द्वारा बहन बेटियों के साथ अश्लीलता करने का हवाला देकर सामाजिक संगठन ने पुलिस गश्त बढ़ाकर धरपकड़ कराने की मांग उठाई। सामाजिक संगठन मानवाधिकार कानून एवं सुरक्षात्मक भ्रष्टाचार निवारण के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार कर्दम ने थाने में पत्र देकर मनचलों की धरपकड़ को लेकर पुलिस की गश्त बढ़वाने की मांग की है। इंस्पेक्टर श्योपाल सिंह के साथ हुई वार्ता में जिलाध्यक्ष ने कहा कि बक्सर ढाना मार्ग से भोवापुर तक वाले रास्ते में अवारा किस्म के दबंग शरारती तत्व बिना वजह बाइक पर सवार होकर घूमते रहते हैं, जो मौका मिलते ही रास्ते से होकर आने जानी वाली बहन बेटियों के साथ अश्लील हरकत करते रहते हैं। मनचलों की हरकत से भोवापुर, बक्सर और ढाना मोड़ पर रहने वाले परिवार काफी परेशान और भयभीत चल रहे हैं, इसलिए शरारती तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उन पर प्रभावी ढंग में नकेल कसी जाएगी। इंस्पेक्टर श्योपाल सिंह का कहना कि शिकायत के आधार पर स्कूल कॉलेज की छुट्टी होने के समय संबंधित रास्तों में पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ ही बाइकों पर सवार होकर बिना वजह सडक पर घूमने वाले शरारती तत्वों की धरपकड़ कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दोस्त के साथ जा रहे युवक पर किया जानलेवा हमला, घायल

**गढ़मुक्तेश्वर।** दोस्त के साथ बाइक पर जाते समय रास्ते में घात लगाकर खड़े लोगों ने लाठी डंडे और धारदार हथियारों से हमला कर युवक को घायल कर दिया, जिसने जैसे तैसे जान बचाते हुए थाने में पहुंचकर तहरीर दी है। बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव खागोई निवासी इरशाद ने थाने में तहरीर दी है, जिसमें उल्लेख किया है कि सोमवार की देर शाम को वह अपने दोस्त नौशाद के साथ बाइक पर बैठकर गांव में ही अपने घर को जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में घात लगाकर खड़े गांव के ही कई लोगों ने जबरन बाइक को रोक लिया। जिन्होंने हाथों में लिए हुए लाठी डंडे और धारदार हथियार से उसके साथ ही दोस्त पर हमला कर दिया। घायल हालत में उसने और दोस्त ने जैसे तैसे इधर उधर दौडकर अपनी जान बचाई, अन्यथा हमलावर मौके पर ही हत्या कर सकते हैं। पीडिघ्त युवक का कहना है कि इस घटना के बाद उसकी जानमाल की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है, इसलिए हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कड़ी कार्रवाई की जाए। इंस्पेक्टर अरविंद चौधरी का कहना है कि तहरीर पर जांच कराई जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# एडवोकेट एक्ट में संशोधन की कवायद पर कामकाज का किया बहिष्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** एडवोकेट एक्ट में किए जा रहे संशोधन से नाराज वकीलों ने विरोध जताते हुए न्यायिक कामकाज का बहिष्कार कर दिया, जिससे मुकदमों की पैरवी को आए वादकारियों को निराश होकर बैरंग लौटने को मजबूर होना पड़ा। बार एसोसिएशन गढ़मुक्तेश्वर की आपात बैठक मंगलवार को अध्यक्ष नरेश गिल की अध्यक्षता और सचिव जितेंद्र भाटी के संच. ालन में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य रूप से एडवोकेट एक्ट में संशोधन को लेकर हो रही कवायद पर कड़ी नाराजगी जताई गई। पूर्व अध्यक्ष सुबोध त्यागी, अमरपाल सिंह, सत्यप्रकाश चौहान, सीएस यादव, बलराज त्यागी, ओमपाल मावी, विरेंद्र चौहान, सुरेंद्र नागर, सतेंद्र चौधरी ने कहा कि एडवोकेट एक्ट में किसी भी प्रकार का मनमाना संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा, इसलिए इस संबंध में कोई भी निर्णय लेने से पहले केंद्र सरकार के विधि मंत्रालय को वकीलों के प्रतिनिधियों के साथ सकारात्मक वार्ता करते हुए उनसे अनिवार्य रूप में सुझाव लेने चाहिएं। पूर्व सचिव महताब अली, ठाकुर सुकेंद्र, हेमंत गौड़, मनोज गोयल, अवनीश चौधरी, कलीम खान, सुहेल आलम, रोहताश सिंह ने कहा कि एडवोकेट एक्ट में कोई संशोधन करने की बजाए केंद्र सरकार के विधि मंत्रालय को अधिवक्ताओं के हित में कल्याणकारी योजना लागू करानी अधिक जरूरी हो रही हैं। एडवोकेट एक्ट में संशोधन को लेकर चल रही कवायद के विरोध में वकील हड़ताल पर रहकर न्यायिक कार्यों से विरत रहे। जिससे मुकदमों की पैरवी समेत अन्य जरूरी कामकाज से आए वादकारियों को निराश होकर बैरंग लौटने को मजबूर होना पड़ा।

### बजट के लिए प्रधानमंत्री को सराहा

**मंडी धनौरा।** भाजपाइयों ने शानदार आम बजट पेश किए जाने पर केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अभिनंदन पत्र लिखा। सोमवार को नगर के मोहल्ला सोसायटी में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिक. ाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की करनी व कथनी में कोई अंतर नहीं है। अंत्योदय तक विकास की किरण अब पहुंच रही है। आम बजट में भी किसान, मजदूर व व्यापारी हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। 12 लाख रुपये तक की सालाना आय पर आयकर में छूट दी गई है। सरकार जनकांक्षाओं पर खरी उतर रही है। इस दौरान सुनील प्रजापति, प्रत्यक्ष शर्मा, दिवेश तंवर, गीतेश अग्रवाल, राजीव उपाध्याय, मधुसूदन गोयल, राजू बादशाह, शैंकी अग्रवाल, शुभ अग्रवाल आदि रहे।

# लोक गीत व नृत्य पर किया मंत्रमुग्ध

### जेएस पीजी कालेज में कैम्प का समापन



**अमरोहा।** कैम्प के आखिरी दिन रोबर्स रेंजर्स ने लोक गीत व नृत्य के माध्यम से सभी का मनमोह लिया। जबकि टैंट व टावर का निर्माण करना भी सीखा। जेएस हिन्दू पीजी कालेज में चल रहे पांच दिवसीय रोबर्स रेंजर्स के कैम्प का सोमवार को समापन हो गया। आखिरी दिन छात्र छात्राओं ने टैंट व टावर निर्माण किया जबकि उत्तर जीविता सिद्धांत के बारे में जानकारी साझा की। इसके अलावा लोक गीत व नृत्य पर उन्होने सभी का मनमोह लिया। प्राचार्य डा. वीर विरेन्द्र सिंह ने कहा कि समाज व राष्ट्र के निर्माण में रोबर्स रेंजर्स का विशेष महत्व है। रेंजर्स प्रभारी नीरज त्यागी ने छात्र छात्राओं को टैंट में जीवन जीने के तरीके बताये जबकि रोबर्स प्रभारी डा. उमेश कुमार ने पर्यावरण के प्रति उन्हें जागरूक किया। इस मौके पर डा. अनिल रायपुरिया, डा. मनन कौशल, डा. प्रदीप सिंह, डा. हिमांशु शर्मा, डा. रश्मि गुप्ता, डा. मोहम्मद तारिक, डा मोहम्मद मूसा, डा. सत्यप्रकाश परमार आदि मौजूद रहे।

## हापुड़ आसपास

### रस्वती इन्सटीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेंस में ट्यूमर की सफलता पूर्वक सर्जरी

**पिलखुवा।** सरस्वती इन्सटीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेंस, अनवरपुर ट्यूमर की सफलता पूर्वक सर्जरी की गई। बिधेपुर निवासी 13 वर्षीय एक मरीज ने नाक, कान व मला विभाग में परामर्श लेने के लिये आयी थी।जिसकी जाँच उपरान्त पता चला कि मरीज की में पिछले 4 महीने से टयूमर था। मरीज ने पूर्व में हापुड़ के कई अस्पतालों में परामर्श लिया परन्तु मरीज को कहीं मी सन्तुष्टि नहीं मिली। च्तवजपक ळसंदक (लार की ग्रंथि) की सर्जरी में चेहरे की मौस-पेशियों कों नचचसल करने वाली नस का नुकसान डोना सबसे बढ़ा खतरा होता है, जिसकी वजह से मरीज को कई अस्पतालों में इलाज कराने के बाद भी सही इलाज नहीं मिल पाया। सरस्वती अस्पताल में आने के बाद नाक, कान व गला विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अविनाश कुमार एवं एसिस्टेन्ट प्रोफेशर डा. जितेन्द्र कुमार की संयुक्त टीम ने मरीज की च्तवजपक ळसंदक (लार की ग्रंथि) का पूरी को सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के दौरान चेहरे की नस को ट्यूमर से अलग कर सर्जरी की गयी। इस ऑपरेशन से मरीज के ठीमारदार सन्तुष्ट है। इत्त सफल सर्जरी पर संस्था के चेयरमैन डा. जे. रामाचन्द्रन, वाईस चेयरपर्सन राम्या रामाचन्द्रन, संस्था के प्रधानाचार्य डा. आरके सेहगल, मेडिकल सुपरीटेंडेन्ट डा. राजेश भाटिया, सीनियर अडवाईजर डा. जेके गोयल, महाप्रबन्धक एन. वर्मराजन एवं हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन डा. वाईसी. गुप्ता सभी के द्वारा समस्त (विभाग की टीम को बधाई दी गयी।

### जीएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना 2025 के तहत स्मार्टफोन वितरित

**पिलखुवा।** युवाओं को सशक्त बनाने और उनके तकनीकी कौशल को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, जीएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, पिलखुवा, हापुड़ में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना 2025 के तहत एम.बी.बी.एस. के छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य डिजिटल विभाजन को समाप्त करना और छात्रों के लिए शैक्षिक अवसरों को बढ़ाना है, ताकि उन्हें डिजिटल संसाधनों तक पहुंच प्राप्त हो सके। इस अवसर पर, जीएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, पिलखुवा, हापुड के डीन डॉ प्रदीप गर्ग ने बताया कि ये उपकरण छात्रों के ज्ञान को मजबूत करने और उनके शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार करने के लिए अत्यंत लाभकारी होंगे। चिकित्सा अधिक्षक डॉ सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि डिजिटल उपकरणों की उपलब्धता छात्रों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तक पहुंचने, अपने क्षेत्र में नवीनतम प्रगति के साथ अद्यतित रहने और डिजिटल शिक्षा में सहजता से भाग लेने में सक्षम बनाएगी। डॉ वनिता गुप्ता ने बताया कि आज के युग में डिजिटल कनेक्टिविटी के महत्व बहुत अधिक है, जहां प्रमुख कार्य और प्रक्रियाएं ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से की जा जाती हैं, उन्होंने बताया कि यह सरकारी पहल युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें तकनीकी रूप से उन्नत भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रजिस्ट्रार सुमित सिंह ने बताया कि इन स्मार्टफोनों को प्रदान करके, सरकार यह सुनिश्चित कर देती है कि छात्रों के पास डिजिटल दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक उपकरण की कमी न खलें। यह पहल डिजिटल रूप से सशक्त भारत की यात्रा में एक मील का पत्थर है, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर छात्र के पास आधुनिक तकनीक तक पहुंच हो। कार्यक्रम में डॉ नमन उत्तरेजा, मनोज शिशौदिया व सभी गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### करोड़ों की कीमत के गांजे के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर व एएनटीएफ मेरठ पुलिस टीम ने दो अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से करीब 4 करोड रुपये की कीमत का 8 कुन्तल 1 किलोग्राम अवैध गांजा, नकदी, 3 मोबाइल फोन, दस्तावेज व तस्करी में प्रयुक्त कैंटर वाहन बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए तस्कर उड़ीसा राज्य से अवैध गांजा की तस्करी कर यूपी के विभिन्न जनपदों और दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में सप्लाई कर आर्थिक लाभ कमाते थे। पुलिस के मुताबिक तस्करों की पहचान धर्मवीर उर्फ बिन्दर पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव खानपुर कला थाना गोहाना सदर जनपद सोनीपत हाल पता- कोट मोहल्ला धानक बस्ती थाना शहर जनपद सोनीपत हरियाणा और सफेद सिंह पुत्र रण सिंह निवासी गांव भटगांव थाना सदर सोनीपत जनपद सोनीपत हरियाणा के रूप में हुई है। तस्करों क कब्जे से करीब 4 करोड रुपये की कीमत का 8 कुन्तल 1 किला. ग्राम अवैध गांजा, 1300 रूपये की नगदी, एक आधार कार्ड, एक पेन कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस व एटीएम कार्ड तस्करी में प्रयुक्त कैंटर वाहन बरामद किया है।

# भाकियू एकता उगराहां की कार्यकारिणी का विस्तार

**रवि चौधरी को मुरादाबाद मंडल की कमान**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां की बैठक में मंडलीय व जनपदों की कार्यकारिणी के विस्तार के लिये मंथन किया गया। नगर के धनौरा मार्ग स्थित एक वेंकट हॉल में सोमवार को आयोजित बैठक में प्रदेश के जिला मेरठ , गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर , अमरोहा, रामपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल से संगठन के कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक का मुख्य मुद्दा मेरठ व मुरादाबाद के मंडलों व इन मंडलों से जुड़े इन जिलों की कमेटियों का गठन करना रहा। मेरठ मंडल का अध्यक्ष




अंकित लोधी व मुरादाबाद मंडल का अध्यक्ष रवि चौधरी को चुना गया। संबंधित जिला कमेटियों का गठन भी किया गया। आगे कमेटियों के विस्तार की योजना बनाई गई। बैठक में हरियाणा राज्य प्रधान कंव. रजीत सिंह, राज्य महासचिव अजय सिधानी, राज्य कैशियर निर्भय सिंह रतिया, राज्य कमेटी के वरिष्ठ सदस्य कुलदीप सिंह पुनिया, उत्तराखंड से राज्य प्रधान बल्ली सिंह चीमा व राज्य महासचिव अवतार सिंह, जिला उधम सिंह नगर के प्रधान महिन्द्र सिंह व ब्लॉक काशीपुर अध्यक्ष रघुबीर सिंह, हैप्पी चौधरी, अतुल चौधरी, कुशल चौधरी, विवेक चौधरी आदि मौजूद रहे।

# आधार कार्ड अपडेट की समस्या दूर करें

### भाकियू लोकशक्ति ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप बच्चों की अपार आईडी बनाने में आ रही परेशानियों को दूर करने की मांग की।

यूनियन के पदाधिकारियों ने कलेकट्रेट में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड अपडेट न होने के कारण बच्चों की अपार आईडी नहीं बन पा रही है। हसनपुर एसबीआई बैंक की मशीन खराब होने से यह काम अधर में लटका है। नहरों पर जो पुलिया बनायी गयी है उस पर स्लेपिंग करायी जाये। किसान सेवा केन्द्र भदौरा में सड़क पर जो आबादी बसी हुई है वहां नाली न होने के कारण पानी सड़क पर भरा रहता है। जिससे जनता परेशान है इस समस्या को दूर किया जाये। अवारा पशु किसानों को लगातार परेशान कर रहे हैं। उन्हें गौशाला भिजवाया जाये। स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर फसलों का रेट दिलाया जाये। ज्ञापन देने वालों में हाजी हसन अहमद, ब्रहम सिंह, महेन्द्र सिंह, मीर हसन, आसिफ अली, गुलाब सिंह, राजपाल सिंह, नूर, उसमान, इंतजार, आबिद अली, नौबहार सिंह आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय प्रवक्ता के आह्वान पर हजारों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हुए

**हापुड़।** हजारों कार्यकर्ता बसों से सवार होकर निकले महापंचायत में हिस्सा लेने के लिए सिंभावली से मुजफ्फरनगर के काकड़ा में आयोजित महा पंचायत के लिए भाकियू टिकैत संगठन के हजारों कार्यकर्ता और पदाधिकारी जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में नारे बाजी करते हुए रवाना हुए। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया है कि राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आह्वान पर इस बार किसानों की राजधानी सिसौली में होने वाली मासिक पंचायत को स्थगित कर वहां की बजाए......

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला लिपिक का बैग चुराने वाले बदमाश को रिमांड पर लेगी जीआरपी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** न्यायालय में कार्यरत महिला लिपिक का नकदी भरा बैग चुराने वाला बदमाश गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय जीआरपी पुलिस अब उसे नियमानुसार रिमांड पर लेगी। आरोपी पर कई मुकदमे दर्ज हैं और वह ऑनलाइन गेम खेलने के लिये इस तरह की घटनाओं को अंजाम देता है। महिला लिपिक के बैग से चोरी किए पैसों को भी ऑनलाइन गेम में गंवा चुका है।

**■ 11 जनवरी को महिला लिपिक का बैग चुराया था**

जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के कस्बा चांदपुर के बसंतपुर निवासी शिवानी यादव हापुड़ की डिस्ट्रिक कोर्ट में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। वे 11 जनवरी को सिद्धबली एक्सप्रेस में सवार होकर मंडी धनौरा जा रही थीं। गजरौला में रेलवे स्टेशन पर उसका बैग गायब हो गया था। बैग में 35 हजार रुपये की नकदी, सोने की चेन व एक मोबाइल था। स्थानीय जीआरपी ने महिला लिपिक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए बदमाश की तलाश तेज कर दी थी। वहीं 15 जनवरी को गाजियाबाद जीआरपी ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने गजरौला में महिला लिपिक का बैग चोरी करने की घटना भी स्वीकारी। स्थानीय जीआरपी चौकी प्रभारी राजीव कुमार नयन ने भी बदमाश से जाकर पूछताछ की। अब जीआरपी आरोपी को रिमांड पर लेने के लिये जरूरी कदम उठाएगी।

### चार साल से कर रहा था शारीरिक शोषण



**जोया।** शादी का झांसा देकर युवक चार साल से युवती का शारीरिक शोषण कर रहा था। इतना ही नहीं वह युवती के घर पहुंचा तथा बुरी नियत से दबोच लिया। परिजनों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के संबंध जिला संभल के थाना असमौली क्षेत्र के गांव शाहपुर डसर निवासी युवक रिहान पुत्र उसमान से हो गये। इस दौरान युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया तथा चार साल तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। परन्तु शादी की बात लगातार टालता रहा। इतना ही नहीं आरोपी युवती के घर पहुंचा तथा उसे बुरी नियत से दबोच लिया। शोर मचाने पर परिजन पहुंच गये तथा उन्होने युवक को पकड़कर धुनाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

# डीसीएम में घुसी बाइक, तीन छात्रों की मौत

## हाइवे पर सीएनजी पैट्रोल पम्प के नजदीक हुआ भीषण हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** हाइवे पर तेज गति से दौड़ रही बाइक खड़ी डीसीएम में घुस गयी। जिससे तीन छात्रों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव हसनपुर कलां निवासी शोभित (18) पुत्र विरेन्द्र, शिवा (18) पुत्र प्रदीप कुमार व अमित कुमार (20) पुत्र दिनेश कुमार गांव लोधीपुर स्थित आईएफटीएम यूनिवर्सिटी से बीएससी कर रहे थे। सोमवार को तीनों छात्र एक ही बाइक सवार होकर कालेज से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक पाकबड़ा थाना क्षेत्र स्थित सीएनजी पम्प के पास पहुंची तो वहां पहले खड़ी डीसीएम में घुस गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गये। जबकि तीनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गयी। परन्तु स्थानीय लोगों ने एम्बूलेंस बुलाकर तीनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने देखते ही तीनों को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही हादसे की खबर मृतक छात्रों के परिजनों को लगी तो उनमें कोहराम मच गया। आनन फानन में परिजन अस्पताल पहुंच गये। जहां उनका रो रोकर बुरा हाल था। उधर दुर्घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा शवों को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया। मृतक









**■ यूनिवर्सिटी से बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे घर**

शिवा चार बहनों में तीसरे नम्बर का था जबकि शोभित कुमार दो भाईयों में बड़ा था। इसके अलावा अमित दो भाई व बहनों में सबसे छोटा था। तीनों छात्रों की मौत से गांव में मातम छाया है। जिसे भी सूचना मिली वह परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए दौड़ पड़ा।

### तेज रफ्तार बन रही हादसों का कारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** हाइवे पर तेज रफ्तार जिंदगी पर भारी पड़ रही है। आये दिन होने वाले हादसों में मरने वाले ज्यादातर युवा ही होते हैं। आज हुए इस हादसे से तीन परिवार पूरी तरह बिखर गये। बीएससी में पढ़ने वाले छात्र शोभित, शिवा व अमित कुमार को पता नहीं था कि आज का सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर होगा। तीनों छात्र अक्सर साथ ही यूनिवर्सिटी जाते थे। क्योंकि तीनों एक ही गांव के रहने वाले थे इस कारण उनमें गहरी मित्रता थी। अधिकतर साथ रहने वाले तीनों दोस्त एक साथ ही इस दुनिया से रूखसत हो गये।

# कुरआन में हर खुश्क व तर मौजूद: मुफ्ती इश्हाक

## मदरसा बशीरउल उलूम में जलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**उझारी।** अल्लाह ताअला की किताब कुरान ए मजीद में हर खुश्क व तर मौजूद है और रसूल की जिंदगी हमारे लिए नमूना ए अमल है। नगर के मोहल्ला कुरेशियान स्थित मदरसा बशीर उल उलूम में रजा ए मुस्तफा कॉन्फ्रेंस के शीर्षक से सालाना जलसे का आयोजन किया गया। जलसे का शुभारंभ कारी अब्दुल वहाब ने तिलावत ए कलाम ए पाक से किया। हाफिज अय्यूब ने नाते पाक पढ़ी। मुफ्ती नाजिर रजा ने लोगों को खिताब फरमाते हुए उलेमा ए किराम की फजीलत बयान की। मेवात राजस्थान से तशरीफ लाए मुफ्ती इस्हाकध अहमद ने खिताब फरमाते हुए कहा कि हमें अपने मां-बाप की कद्र करनी चाहिए। मां के पांव तले जन्नत है और बाप उसका दरवा. जा है। जलसे में कारी आबिद अली, कारी फहीम रिजवी, कारी मुर्सलीन, कारी इशरतुल्लाह, सदर रहीमुद्दीन साबरी, अलाउद्दीन सैफी, हाफिज शाकिर, मेराज अली, इरशाद सलमानी, दिलशाद हुसैन आदि मौजूद रहे।



# मैस्को व राशिद बेगम कालेज के ध्वस्तीकरण के आदेश

## धनौरा रोड पर तीन कालेज तालाब पाटकर बनाने का मामला, मचा हड़कम्प



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** तालाब की जमीन पर अतिक्रमण कर बनाये गये तीन बड़े शिक्षण संस्थानों पर एनजीटी की गाज गिरी है। ऐतिहासिक फैसले में अवैध रूप से बनाये गये तीनों शिक्षण संस्थानों को गिराने के निर्देश दिये गये हैं।

धनौरा रोड स्थित मैस्को पब्लिक स्कूल, मैस्को इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी, राशिदा बेगम मुस्लिम महाविद्यालय का निर्माण तालाब को पाटकर किया गया था। इस मामले में एनजीटी नई दिल्ली में वाद दायर किया गया था। आज तीन सदस्य चेयरपर्सन जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, जस्टिस जूडिशियन मेम्बर सुधीर अग्रवाल व पीट के एक्सर्ट मेम्बर ए सेंथिल वेल ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते गाटा संख्या 403 व 404 पर बने दोनों स्कूल व राशिदा बेगम महाविद्यालय पर अवैध निर्माण को हटाने की मांग करते पुराने स्वरूप में लोटाने के आदेश दिये हैं। वाद पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने तालाबों व जल निकासी के संरक्षण को आवश्यक बताया। इसके लिए उन्होंने पर्यावरण संतुलन की बात भी रखी। जबकि संचयन व भूजल स्तर को बनाये रखने के लिए इनकी अहम् भूमिका है। न्यायालय ने साफ शब्दों में कहा कि सार्वजनिक तालाबों पर अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**■ एनजीटी दिल्ली की खण्डपीठ ने दिये आदेश**

राज्य आर्द्र भूमि प्राधिकरण व जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये हैं कि वह गाटा संख्या 403 व 404 से अतिक्रमण हटा इसे मूल स्थिति में बहाल करें। इस आदेश से अवैध निर्माणकर्ताओं में हड़कम्प मच गया। करोड़ो रूपये की लागत से बनाये गये इन स्कूलों की बिल्डिंग को जल्द नस्तोनाबूत किया जायेगा। निजी लाभ कमाने के लिए जिले में बड़े पैमाने पर सरकारी जमीन व तालाबों पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। एनजीटी के इस आदेश से खलबली मची है। तत्कालीन प्रभारी अधिशासी अधिकारी सुखवीर सिंह ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि जो एनओसी नगर पालिका द्वारा जारी की गयी है उस पर उनके हस्ताक्षर नहीं है। इस पूरे मामले की शिकायत डा. सैयद अशहर तौसीफ ने की थी। इतना ही नहीं जब बिल्डिंग के मानचित्र की जांच की गयी तो उसमें भी बड़ी अनियमित्ताएं पायी गयीं।





# अनियंत्रित होकर हाइवे के निर्माणाधीन डिवाईडर में गिरा कैंटर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** हाइवे पर तेज रफ्तार केंटर अनियंत्रित होकर फ्लाई ओवर के निर्माणाधीन कार्य में बनाए जा रहे डिवाइडर में गिर गया। हादसे में कैंटर चालक घायल हो गया, जिसे चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार संभल थाना क्षेत्र के गांव सरायतरीन निवासी रवि कुमार अपना कैंटर लेकर रविवार को दिल्ली गया था। वहां से काम पूरा करने के बाद वह अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान सोमवार सुबह 7:00 बजे हाइवे स्थित जुबिलेंट

**■ चालक गंभीर रूप से घायल, हॉयर सेंटर रेफर**

फैक्ट्री के पास रवि कैंटर से अपना नियंत्रण खो बैठा और कैंटर हाइवे पर बन रहे डिवाइडर में गिर गया। हादसे में एक ओर जहां कैंटर क्षतिग्रस्त हो गया तो वहीं दूसरी ओर चालक रवि भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ लग गई और किसी ने सूचना पुलिस को भी दी। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कैंटर के केबिन में फंसे चालक रवि को काफी प्रयास के बाद बाहर निकाला गया और उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक ने उसको प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी यहां पहुंच गए थे।



# कार चालक ने ब्रेक लगाए पीछे से टकराई बाइक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** कार चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से आ रही बाइक, कार से टकरा गई। घटना के बाद कार चालक ने बाइक चालक के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। आसपास के लोगों की भीड़ भी लग गई।

**■ कार चालक व बाइक सवार में नोकझोंक**

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस कार व बाइक चालक को थाने ले गई, हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच में समझौता हो गई। जानकारी के अनुसार मोहल्ला सुल्ताननगर निवासी एक युवक अपनी बाइक से घर की ओर जा रहा था। उसकी बाइक के आगे एक कार चल रही थी। नगर के टीचर्स कॉलोनी के सामने अचानक कार चालक ने ब्रेक लगा दिए, इस कारण बाइक कार से टकरा गई। घटना के बाद दरियापुर बुजुर्ग निवासी कार चालक ने युवक के साथ अभद्रता करते हुए उसके साथ मारपीट की। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग भी बाहर निकल आए। वाहनों के पहिये भी थम गए। वहीं सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस दोनों युवकों को फटकार लगाते हुए थाने ले गई। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में स्वास्थ्य समिति की बैठक लेतीं डीएम निधि गुप्ता।

# धनौरा, जोया के चिकित्सा प्रभारियों से स्पष्टीकरण

## डीएम ने ली स्वास्थ्य समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** कम वैक्सीनेशन पर डीएम ने मंडी धनौरा व जोया के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है। जबकि प्रगति में सुधार न होने पर विभागीय कार्रवाई को चेताया है।

कलेक्ट्रेट में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली। जिसमें उन्होंने कहा कि टीबी अभियान सौ दिन चलाया जायेगा। जिसमें सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने कम वैक्सीनेशन पर मंडी धनौरा व जोया के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं, धात्री किशोरियों को आयरन की गोली शत प्रतिशत दिलाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि काम के प्रति लापरवाही किसी भी हाल में सहन नहीं की जायेगी। टीकाकरण का जो सत्र चल रहा है उसमें कोई भी वंचित नहीं रहना चाहिए। काम में प्रगति दिखनी चाहिए। राजकीय चिकित्सा इकाईयों, आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों, एनक्यूएएस सार्टिफिकेशन शत प्रतिशत किये जाने के निर्देश दिये।

# पुलिस आज ले सकती है सोनिया का बयान

## दो बेटियों की हत्या कर खुद किया था आत्महत्या का प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** पति से झगड़ा कर अपनी ही दो बेटियों की हत्या कर खुद का गला काटने वाली हत्यारोपी सोनिया की हालत में अब तेजी से सुधार हो रहा है। सोमवार को चिकित्सक ने उसके गले का घाव भरने के लिए लगाए गए टांके काट दिए। लेकिन, बतौर एहतियात अभी पुलिस को पूछताछ नहीं करने का सुझाव दिया है। अब मंगलवार को पुलिस हत्यारोपी सोनिया का बयान दर्ज कर इस मामले में अग्रिम कार्रवाई कर सकती है।

जानकारी के मुताबिक बीती 10 फरवरी को नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बहादरपुर खुर्द में बड़ी वारदात सामने आई थी। गांव में रहने वाले कोपिन सिंह की पत्नी सोनिया ने अपनी आठ वर्षीय बेटी अनुष्का व पांच वर्षीय बेटी किट्टो का गला दबाकर हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं बाद में उसने चाकू से अपना भी गला काट कर आत्महत्या की कोशिश की थी। सोनिया ने जिस वक्त यह खतरनाक कदम उठाया था उस वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था। अपना गला काटने के बाद उसने पति कोपिन को वीडियो कॉल भी की थी जब कहीं जाकर परिजनों को घटना की जानकारी हुई थी। घटना के समय पति कोपिन सिंह भी ड्यूटी करने गुरुग्राम गया था। को. पिन सिंह की तहरीर पर पुलिस ने सोनिया के खिलाफ बेटियों की हत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। तभी से घायल सोनिया का उपचार शहर के निजी अस्पताल में चल रहा है। घाव गहरा होने पर चिकित्सक ने उसके गले की सर्जरी कर टांके भर दिए थे। हालत में सुधार होता देख शुक्रवार को चिकित्सकों ने सोनिया को आईसीयू से जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया था। गले में टांके लगे होने के कारण पुलिस सोनिया के बयान दर्ज नहीं कर सकी थी। सोमवार को चिकित्सक ने उसके गले के टांके काट दिए, उसकी हालत में अब पहले से काफी सुधार है। संभवत पुलिस मंगलवार को उसके बयान दर्ज कर सकती है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि चिकित्सक के मना करने पर अभी तक हत्यारोपी सोनिया के बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। अब उसके टांके कट गए हैं, मंगलवार को उसके बयान दर्ज कर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# युवती का पीछा करने का आरोपी दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** युवती का पीछा कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती कस्बे से घर वापस लौट रही थी। इस दौरान गांव जोगीपुरा का रहने वाला साहुन पुत्र जुम्मा उसके पीछे लग गया। जब युवती ने इसका विरोध किया तो साहुन ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता किसी तरह कोतवाली पहुंची तथा पुलिस को घटना से अवगत कराया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुछ देर बाद ही आरोपी साहुन को गिरफ्तार कर लिया।

# शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** पालिका कर्मचारियों एवं पुलिस बल ने शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सड़क के दोनों और पालिका ने निशान लगाते हुए एरिया को चिन्हित भी किया।

सोमवार को नगर पालिका परिषद ने अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह के नेतृत्व में रहरा बस स्टैंड चौराहा तक पुलिस बल एवं पालिका कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। कई स्थानों पर व्यापारियों से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के दौरान हल्की सी कर्मचारियों से कहा सुनी भी हो गई। पालिका टीम ने सड़क के दोनों और निशान लगाते हुए एरिया को चिन्हित भी किया। कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि जहां निशान लगाए जा रहे हैं उसके पीछे की ठेला एवं सामान को रखा जायेगा। पालिका द्वारा लगाये गये निशान से आगे कोई खड़ा नहीं होगा। इस दौरान कुछ स्थानों पर व्यापारियों की कर्मचारियों से अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर हो गई। नगर के बाजारों में आये दिन अतिक्रमण होने के कारण जाम आदि लग रहा था। शहर के बाशिंदो द्वारा काफी लंबे समय से अधिकारियों को ज्ञापन आदि देकर नगर से अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की जा रही थी। जिन स्थानों पर कर्मचारियों द्वारा सड़क पर निशान लगाये जा रहे हैं। यदि इसका पालन हो गया तो बाशिंदों को जाम से निजात मिल सकेगी।



